स्वराज DIGITAL
www.swarajdigital.in

पुलिस ने जब्त की 1 लाख 84 हजार की नकली दवाईयां, आरोपी गिरफ्तार

CG न्यूज़, महासमुंद

महासमुंद पुलिस ने नकली दवाईयों का जखीरा पकड़ने में सफलता हासिल की है पुलिस ने एक स्कार्पियों वाहन से 11 पेटी कोरेक्स सीरफ के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जब्त किये गये नशीली दवाईयों की कीमत करीब 1 लाख 84 हजार 800 रूपये है। गिरफ्तार आरोपी का नाम चुड़ाराम सेठ है, सोहेला जिला बरगड़ ओड़िशा का रहने वाला है जो रायपुर से नशीली दवाईयां ले जाकर सरायपाली क्षेत्र में खपाया करता था।

बता दें कि क्राइम ब्रांच को आज एक वाहन से नशीली दवाईयों की तस्करी की सूचना मिली थी, जिसपर क्राइम ब्रांच और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने एनएच-53 में घोड़ारी चौक के पास नाकेबंदी कर वाहनों की तलाशी शुरू की, तलाशी के दौरान रायपुर की ओर से आ रही ओड़िशा की एक स्कार्पियों वाहन में नशीली दवाईयों का जखीरा बरामद किया गया। जिसके बाद वाहन चालक चुड़ाराम सेठ को गिरफ्तार कर वाहन सहित 11 पेटी कोरेक्स सीरफ को जब्त कर लिया गया।

बता दें कि आरोपी रायपुर से नशीली दवाईयां लाकर सरायपाली क्षेत्र में सप्लाई किया करता था आरोपी के नेटवर्क और दवाई बेचने वाले दुकानदार की पुलिस पतासाजी करने और पूछताछ करने की बात कर रही है फिलहाल पुलिस आरोपी को धारा 21वी नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

Source: http://swarajdigital.in/cg-news/-police-seized-1-lakh-84-thousand-fake-drugs-arrested-accused